संख्या-2 /2016/2887/33-1-2016-2887/16

प्रेषक,

चंचल कुमार तिवारी,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
पंचायती राज,
उ0प्र0, लखनऊ।

पंचायती राज अनुभाग-1 लखनऊः दिनांकः 15 नवम्बर, 2016

विषयः-पंचायतीराज विभाग के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के अंतर्जनपदीय स्थानांतरण के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-2/2061/1/2016-2/43/ विविध/2010, दिनांक 09.11.2016 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा पंचायतीराज विभाग के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के अंतर्जनपदीय स्थानांतरण के संबंध में शासन स्तर पर निर्णय लेकर यथोचित निर्देश दिए जाने का अनुरोध किया गया है।

2- शासन के संज्ञान में लाया गया है कि उ0प्र0 ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ एवं जनपदों में तैनात सफाई कर्मचारियों द्वारा अपने गृह जनपद में स्थानांतरण किए जाने हेतु निरंतर अनुरोध किया जा रहा है। प्रश्नगत पद जनपद स्तरीय होने के कारण एक जनपद से दूसरे जनपद में इनका स्थानांतरण किया जाना संभव नहीं हो पा रहा है। अल्प वेतनभोगी सफाई कर्मचारी परिवार से अलग अन्य जनपद में रहते हैं, जिसके कारण उन्हें आर्थिक कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

वर्णित स्थिति में सम्यक विचारोपरांत यह निर्णय लिया गया है कि सफाई कर्मचारियों के पारस्परिक अनुरोध, मण्डलीय उप निदेशक (पं0) तथा दोनों जनपदों के जिला पंचायत राज अधिकारियों की संस्तुति / अनापत्ति के आधार पर पारस्परिक स्थानांतरण निदेशक, पंचायतीराज, उ0प्र0 राज्य द्वारा किए जायेंगे। इस प्रकार स्थानांतरित सफाई कर्मचारी की ज्येष्ठता स्थानांतरित जनपद में कनिष्ठतम होगी।

3- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपरोक्तानुसार सफाई कर्मचारियों के अंतर्जनपदीय पारस्परिक स्थानांतरण किए जाने के संबंध में कार्यवाही की जाए।

भवदीय,
ह0/-
(चंचल कुमार तिवारी)
प्रमुख सचिव।

HP A

Search easisbharatiyashasanadesh.org
www.bharatiyashasanadesh.org
panchayatiraj.up.nic.in